वर्ष- 22 अंक - 75 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 27 अगस्त 2026

रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं




## कल अवकाश

कल भाई-बहनों के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इस अवसर पर कल सिटी ब्लास्ट कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 29 अगस्त शनिवार को प्रकाशित होगा। सभी स्नेहीजनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं...। - प्र.सं.

## मॉडल की हत्या जिम ट्रेनर ने घर में घुसकर मारा चाकू

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली के तिलक नगर में एक मॉडल मुस्कान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उसके जिम ट्रेनर इमरान को मुख्य संदिग्ध बताया जा रहा है।

## एक्टर की हत्या

**शामली.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के शामली में यूट्यूबर और हरियाणवी एक्टर अंकित बालियान की जिम से निकलते ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। अंकित बालियान अपने गाने 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे मेरी जान' को लेकर काफी चर्चित हुए थे।




# अब तक नहीं मिले लापता 133 भारतीय

*मुसीबत में सबसे पहले भारत ने पहुंचाई मदद, 150 किमी दूर मिले 33 शव, चीनी मीडिया का दावा तिब्बत में भी 558 लोग लापता*

# 162 लोगों की मौत, 1100 लापता

**काठमांडू ● एजेंसी**

नेपाल में कल आई केदारनाथ जैसी त्रासदी में नेपाल के कई इलाके मटियामेट हो गए। भूकंप के झटकों के बाद जो सैलाब आया उससे भारी तबाही हुई। हर तरफ तबाही और मौत का मंजर दिखाई दे रहा है। घर, होटल, हाइड्रो प्रोजेक्ट और कई पुल सैलाब में बह गए। हर तरफ सैलाब का कीचड़ ही कीचड़ दिखाई दे रहा है। अब तक इस तबाही से 162 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें 33 शव 150 किमी दूर मिले। 133 भारतीय सहित 1100 लोग लापता हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला। लापता लोगों में 61 सुरक्षाकर्मी और 384 पर्यटक बताए जा रहे हैं। चीनी मीडिया के मुताबिक तिब्बत में भी 558 लोग लापता हुए हैं। नेपाल पर आई इस मुसीबत में भारत ने एयरक्राफ्ट भेजकर सबसे पहले मदद पहुंचाई है। नेपाल में बाढ़ और सैलाब से 35 पुल और 45 सस्पेंशन ब्रिज बह गए। कई गाड़ियां भी सैलाब में बह गईं। कई बस्तियां तबाह हो गईं। इस हादसे के पीछे चीन का हाथ बताया जा रहा है और कहा जा रहा है कि चीन ने समय रहते जानकारी नहीं दी। इस सैलाब में नेपाल और चीन को जोड़ने वाला फ्रेंडशिप ब्रिज भी बह गया।

## बाढ़ में बहकर बिहार पहुंचे मवेशी और सामान

नेपाल में आए सैलाब के कारण बिहार में गंडक नदी का जलस्तर बढ़ गया। नदी में भैंस, फ्रिज जैसे कई मवेशी और सामान बहकर आ गए। नेपाल की बाढ़ को देखते हुए बिहार और उत्तरप्रदेश में नदियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।



# कुशवाह को पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी की जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में पहले से जिम्मेदारी निभा चुके भाजपा नेता जीतू कुशवाह को इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी मनोनयन किया गया है। नगर में संतोष पाटिल को प्रभारी बनाया गया, जो मूल खरगोन के हैं। कई भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। वहीं पिछड़ा वर्ग मोर्चा से जुड़े रघु यादव जो इंदौर के हैं, उन्हें उज्जैन में प्रभारी बनाया गया है। इंदौर के संतोष यादव खंडवा में और इंदौर के ही दूसरे संतोष यादव झाबुआ में, इंदौर के मुकेश पंवार धार नगर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रभारी बने हैं। अब प्रभारियों की जिम्मेदारी है कि वे अध्यक्ष के साथ तालमेल कर जिला कार्यकारिणी, मंडल कार्यकारिणी का गठन करवाएंगे और संगठन विषय पर लगातार बैठक करवाकर जानकारी प्रदेश को भेजेंगे।




# पौधारोपण अभियान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और साधु-संतों की मौजूदगी में सुपर कारिडोर क्षेत्र के गांधी नगर बोहरा कालोनी में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कई भाजपा नेता भी रहे मौजूद।



# छड़ी पूजन का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 1 में छड़ी पूजन का आयोजन किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद उमेश नाथ, आकाश विजयवर्गीय, भूपेन्द्रसिंह केसरी, अशोक चौहान, नीलेश करोसिया, संदीप पथरोड, पार्षद महेश चौधरी, विक्की पहलवान, मुन्ना साहू, सतीश बैरागी सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस नेताओं ने बच्चों को बांटे उपहार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ईद-ए-मिलादुन्नबी पर 'काजी की चाल' में सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम में बच्चों और रहवासियों का मुंह मीठा कर उपहार बांटे गए। कांग्रेस नेता अमन बजाज, राहुल निहोरे, भरत जिनवाल, अनिता कुन्हारे, कपिल जारवाल, गणपत जारवाल, विजय घुंघराले, बलवंत तटवाड़े, राम कुमार लड़िया, सलमान, संदीप कुन्हारे,सुलेमान मंसूरी, राजा कादरी, अनीश मंसूरी, शोएब खोखर,शेख रशीद, नौशाद कुरैशी, यूनुस खान, जावेद हसन, अम्मू खान उपस्थित रहे।



## सिंधिया ने किया चित्र पूजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल स्व. गोविन्द मालू के निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। परिवारजनों से मुलाकात भी की।





# आम आदमी पदाधिकारी हुए जुलूस में शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ईद मिलादुन्नबी के आजाद नगर जुलूस में मुस्लिम समाजजनों को आम आदमी पदाधिकारी ने बधाई दी और जुलूस में शामिल भी हुए। अनुराग यादव, कमल गुप्ता, यूनुस खान, संदीप शर्मा, वीरेंद्र चौहान, अनश शेख, संजय जैन, दिलीप गर्ग, डॉ. आई.एम. अब्बासी, सईद मामू, जावेद खान एवं रफीक कुरैशी सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।






# कांग्रेस ने आज एक साथ 24 जगह खोला विरोध का मोर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




## महंगाई के खिलाफ जताया आक्रोश

### शकर के साथ अन्य महंगी हुई वस्तुओं का भी उठाया मुद्दा

### बैनर-पोस्टर भी लगाए, सिगड़ी पर फीकी चाय भी बनाई

कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश कांग्रेस के निर्देश के बाद आज शहर कांग्रेस ने अपने 24 ब्लाक में 24 जगहों पर एक साथ महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अलग-अलग जगह पर अलग-अलग तरह से कांग्रेसियों ने विरोध जताया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे के निर्देश पर आज कांग्रेसियों पर विरोध प्रदर्शन का उत्साह दिखाई दिया। संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि महूनाका पर बैनर-पोस्टर शकर और अन्य महंगाई के लगाए गए और यहां सिगड़ी जलाकर चाय बनाई गई। यहां पोस्टर पर फीकी चाय 20 रु. की और मीठी चाय 40 रु. की लिखा गया और 10 रु. की चाय को काटा गया। कांग्रेसियों ने पोस्टर पर गडकरी की चाय को भी लिखा और इसके माध्यम से विरोध जताया गया। महंगाई को डायन भी कांग्रेसियों ने बताया। छावनी के टूटे रोड पर भी कांग्रेसियों ने शकर तौली और लोगों को बताया कि 100 रु. में मुट्ठी भर शकर आने लगी है। शहर की साढ़े 5 विधानसभाओं के 85 वार्डों के अन्तर्गत लगने वाले ब्लॉकों में विधानसभा प्रभारी से लेकर शहर कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन पदाधिकारी, ब्लॉक, मंडलम पदाधिकारी और प्रभारी भी पहुंचे। कांग्रेस ने मुख्य मुद्दा महंगाई का शकर, पेट्रोल, बिजली बिल, गैस सिलेंडर, महंगे आटे, तेल के मुद्दे उठाए। विधानसभा 3 में आरएनटी मार्ग की टूटी सड़क का मुद्दा भी उठा। वहीं हरसिद्धि मंदिर के समीप कांग्रेसियों ने बीच रोड पर रोटी सेकी और आटा महंगा बताया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने भी इस मुद्दे पर पत्र प्रदेश कांग्रेस और शहर-जिला कांग्रेस को भी भेजा था।

चिन्टू चौकसे, राजेश चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, देवेन्द्रसिंह यादव, दीपू यादव, अमन बजाज, मनीष मिंडा, अमित चौरसिया, जीतू दीवान, सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, निलेश सेन, सरफराज अंसारी, शादाब पटेल, अमित पटेल, मोहन चौहान, सत्यनारायण मोदी, विशाल चतुर्वेदी, दानिश खान, सत्यनारायण सलवाड़िया, रफीक खान, अनवर दस्तक, सादिक खान, मजहरहुसैन सेठजीवाला, अमजद खान, सुनील यादव, कमलेश पाठक, जैनेश झांझरी, राहुल धाकरे, मुकेश ठाकुर, अंकित दुबे, मिथुन यादव, श्याम यादव, आनन्द कासलीवाल, अभय वर्मा, सुनील यादव, अनुरोध जैन, किरण जिरेती, दीपक मलोरिया रानू, धर्मेन्द्र गेंदर, इम्तियाज बेलिम, राजेश जोशी, हिमांशु यादव, जीतू शिंदेल, स्वप्निल कामले, आफताब खान, प्रकाश महावर कोली, प्रमोद द्विवेदी, प्रकाश पटेल, राहुल निहोरे, हर्ष जैन, शेख शाकिर, संतोष यादव, योगेन्द्र मोर्य, सुवेग राठी, विकास जोशी, विक्रमसिंह सचान, संतोषसिंह गौतम, जतिन थोरात, बलवंत टटवाड़े, अवधेश गर्ग, मधुसूदन भलिका, विजेन्द्रसिंह चौहान, घनश्याम जोशी, नासिर खान, संजय अरोरा, पंकज जैन, अब्दुल वहाब नागोरी, रोहित जोशी, सुनील गोधा सहित अन्य मौजूद थे।




### शकर भी लोन पर मिलेगी

कांग्रेस का चुनाव चिह्न बैल जोड़ी था, जब जनसंघ के समय जनसंघी लोग नारा लगाते थे कि कांग्रेस के भूखे बैल खा गए शकर पी गए तेल... और आज भाजपा सरकार है और कांग्रेसी नारे लगा रहे हैं कि भाजपा का महंगा खेल... खा गए शकर पी गए तेल। कांग्रेसियों ने आज राजवाड़ा सहित अन्य जगह लिखा कि अब शकर भी लोन पर मिलेगी।

# मंत्री को शकर की महंगाई लगी फीकी...बोले और हो जाए महंगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### विजयवर्गीय का गैर जिम्मेदाराना बयान, मेंदोला को देख बोले यह तो मिठाई की तरफ देखते भी नहीं

शकर की मिठास महंगी हो गई है। शकर के दाम एक माह में 25 रुपए तक बढ़ गए है, जिसका असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। इसे लेकर जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल पूछा गया तो वे इसका मजाक उड़ाते नजर आए। मंत्री का गैर जिम्मेदाराना बयान अब चर्चा में है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां तक कह दिया कि- 'अच्छा है... मैं तो कहता हूं कि खूब महंगी हो जाए ।' विजयवर्गीय ने तर्क दिया कि वैसे भी आजकल 90 प्रतिशत लोग मीठा खाना पसंद नहीं करते। उन्होंने कहा- मैं तो खाता ही नहीं ।पास में बैठे विधायक रमेश मेंदोला को देख बोले कि मेंदोला तो मिठाई को देख दूर भागते है। उन्होंने कहा कि बस बच्चों के लिए शकर कंट्रोल में सस्ती मिल जाए, लेकिन बुजुर्गों को तो शकर देनी ही नहीं चाहिए। 40 साल की उम्र से ऊपर वालों के लिए शकर खाना डॉक्टर भी अच्छा नहीं मानते और आयुर्वेद भी इसे अच्छा नहीं मानता। मंत्री ने लोगों को शकर की जगह गुड़ खाने की सलाह भी दे डाली। अब लोग तंज कस रहे हैं कि जब मंत्री जी खुद शक्कर नहीं खाते, तो उन्हें शकर की महंगाई भी शायद फीकी ही लगेगी।



## महिला मोर्चा अध्यक्ष पहुंची रेसलिंग खिलाड़ियों के बीच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कसेरा बाजार स्कूल की छात्रा का किया सम्मान**

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रेष्ठा जोशी ने ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर पहुंचकर वहां जो बालिकाएं रेसलिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही उनको देखा और इन बालिकाओं की प्रशंसा भी की। इस दौरान कसेरा बाजार स्कूल की रेसलिंग खिलाड़ी छात्रा पहलवान देविका उर्फ निक्की मिस्त्री का श्रेष्ठ प्रदर्शन पर जोशी ने सम्मान किया। उक्त जानकारी प्रशिक्षण देने वाले रमेश मिस्त्री पहलवान ने दी।

## युवा भाजपाई बोले इंदौर में चलेगी मुख्यमंत्री की पसंद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा में नगर और जिला में कई दावेदार दावा भर रहे है। नगर में करीब 1 दर्जन युवा भाजपाई दावेदार है और सभी अपने-अपने आकाओं के माध्यम से दम लगा रहे है। नगर भाजपा ने नगर के सभी जनप्रतिनिधियों से नाम लेकर और अन्य नामों को समावेश कर एक दर्जन नाम भोपाल दो माह पहले ही भेज दिए। इधर लगातार इनमें से कई नेताओं की शिकायतें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के पास पहुंच रही है। इधर सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास इन्दौर का प्रभार है इसलिए युवा मोर्चा में नगर और जिला में पसंद मुख्यमंत्री की ही चलेगी। युवा मोर्चा सूत्रों का कहना है कि ज्यादातर नेताओं की शिकायतें भोपाल जा चुकी है, इसलिए अब कोई नया नाम भी मुख्यमंत्री की ओर से सामने आए तो कोई बड़ी बात नहीं है।

## जाति प्रमाण-पत्र का पहले हिसाब बाद में निष्कासन की बात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता सुनील यादव ने पार्षद कमलेश कालरा द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लिखे पत्र पर पलटवार किया और कहा कि पार्षद कालरा को पहले अपने जाति प्रमाण पत्र का हिसाब देना चाहिए, फिर दूसरे के निष्कासन की बात करना चाहिए। कालरा ने पत्र को सार्वजनिक कर भाजपा संगठन की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए गए हैं, अब उनको अपने जाति प्रमाण-पत्र की सही स्थिति भी सार्वजनिक करना चाहिए।



## जयवर्धन सिंह पहुंचे पटवारी के निवास

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह कल इंदौर आकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास बिजलपुर पहुंचे और काका घनश्याम पटवारी के निधन पर शोक जताया। इस दौरान सुवेग राठी, राधेश्याम पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

## पार्षद ने की प्रदेश अध्यक्ष से भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 5 के वार्ड 54 के पार्षद महेश बसवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भोपाल में बैठक की और वार्ड से लेकर संगठन स्तर तक की चर्चा की।



# रोकटोक करने पर कार सवार युवकों ने चौकीदार को कुचला, मौत

## प्रत्यक्षदर्शियों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लसूड़िया थाना क्षेत्र में बायपास की एक कॉलोनी में सुरक्षा में तैनात चौकीदार की कार से कुचलने के कारण मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद कॉलोनी के प्रत्यक्षदर्शियों ने कार सवार युवक पर जानबूझकर गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद आरोपी चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।**



मूल रूप से देवास निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र पिता रामचंद्र मालवीय बायपास स्थित एग्जोटिका कॉलोनी में बतौर चौकीदार कार्यरत था। बताया जा रहा है कि देर रात कॉलोनी के परिसर में कार सवार युवक एक युवती के साथ कालोनी में पहुंचा था। जब चौकीदार धर्मेंद्र ने सुरक्षा के लिहाज से उनसे पूछताछ की और वहां खड़े रहने पर रोकटोक जताई, तो विवाद खड़ा हो गया। इसी बीच कार सवार युवक ने उस पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कॉलोनी के लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि रोकटोक करने से बौखलाए कार सवार ने रंजिश में जानबूझकर चौकीदार पर गाड़ी चढ़ाकर उसकी हत्या की है। लसुड़िया थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हादसा और हत्या दोनों बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद को सहसंयोजक बनाए जाने पर छिड़ी बहस

## *किसी ने अपमान बताया तो किसी ने दिया भोपाल का उदाहरण*

**इंदौर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से एक माह तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए हर जिले में संयाजन टोली बनाई गई है। शहर में सांसद शंकर लालवानी को सहसंयोजक बनाए जाने पर नई बहस छिड़ गई है।**

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जब से पद पर बैठे हैं, तभी से उनके मिस मैनेजमेंट के कारण कई बार चर्चाएं गर्म हो जाती हैं। सेवा संकल्प अभियान के लिए बनाई गई टोली में जीतू जिराती को संयोजक बनाया गया है। वहीं शंकर लालवानी, दीपक जैन टीनू, सुधीर कोल्हे, सौगात मिश्रा और प्रियंका चौहान को सहसंयोजक बनाया गया। नेताओं को दायित्व मिलने की सूची जारी होने के बाद चौंकाने वाले नाम लालवानी को सहसंयोजक बनाए जाने का था। कुछ लोगों ने इसे सांसद का अपमान बताया। सोशल मीडिया पर इसको लेकर बहस छिड़ी है। इस पर भोपाल का उदाहरण भी दिया जा रहा है। भोपाल में सांसद आलोक शर्मा अभियान के क्रियानवयन की कमान संभालेंगे। हालांकि भाजपा में किसी भी अभियान के लिए दायित्व पद के हिसाब से नहीं दिए जाते हैं, लेकिन फिलहाल तो इस मामले में बहस छिड़ गई है।

# रैलिंग सुधारने पर खर्च करेंगे 82 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा रैलिंग सुधारने के काम पर 82 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। शहर के कई पुल पुलिया की रैलिंग की इस दौरान मरम्मत की जाएगी।**

निगम के पुल प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर नगर निगम के द्वारा पिछले सालों के दौरान पुल पुलिया का निर्माण किया गया है। इस पुल पुलिया पर दुर्घटना ना हो और लोग नीचे ना गिरे इसलिए लोहे के रैलिंग सुरक्षा के मकसद से लगाए गए थे। समय के साथ कई स्थानों पर यह रैलिंग टूट गए हैं अथवा गायब हो गए हैं। ऐसी स्थिति में अब जन सुरक्षा की खातिर यह आवश्यक हो गया है कि इन स्थानों पर रैलिंग की मरम्मत कर उन्हें व्यवस्थित किया जाएं।

इसके लिए नगर निगम के द्वारा अलग से एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को अधिकारियों के साथ ही महापौर परिषद के द्वारा भी मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के आधार पर

### शहर के कई पुल पुलिया के रैलिंग की होगी मरम्मत

नगर निगम के द्वारा 82 लाख रुपए की लागत से सुधार कार्य करने का फैसला लिया गया है। इस सुधार कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसी निर्धारित करने का कार्य शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे शहर में एक ही एजेंसी को काम दिया जाएगा। इस एजेंसी के द्वारा ही सभी दूर यह कार्य किया जाएगा। निगम के द्वारा यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि दीपावली का त्यौहार आने के पहले सभी दूर पुल पुलिया को सुरक्षित और व्यवस्थित कर लिया जाएं।

निगम के द्वारा इस कार्य को अंजाम देने के लिए ठेकेदार एजेंसी के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। यह प्रक्रिया अगले सप्ताह में पूरी हो जाएगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित एजेंसी से एग्रीमेंट किया जाएगा और फिर उसे काम करने के लिए साइड सौंप दी जाएगी। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस काम को प्राथमिकता के साथ तेज गति से करवाया जाएगा। वैसे तो यह कम बारिश के मौसम के पहले ही करने की योजना थी। उस समय पर प्रस्ताव को मंजूरी देने की प्रक्रिया नहीं हो सकी थी। इसके चलते हुए यह काम विलंब का शिकार हुआ है। अब भी देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर काम करते हुए इस कार्य को जितना ज्यादा तेजी से हो सकेगा उतना ज्यादा तेजी से किया जाएगा।

## विधानसभा एक में मनेगा रक्षाबंधन पर्व

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा एक के छोटा बांगड़दा स्थित निजी गार्डन में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भाजपा नेत्रियां राखी बांधेगी। कार्यक्रम आज दोपहर आयोजित होगा।



## महिलाओं के लिए निःशुल्क सफर शुरू

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रक्षाबंधन के लिए अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड की प्रमुख इंटरसिटी मांगों पर संचालित होने वाली चार्टर्ड बसों में 48 घंटे तक महिलाओं के लिए मुफ्त सफर की सुविधा शुरू हुई। आज महिलाओं ने भाई को राखी बांधने जाने के लिए बिना किराया दिए सफर किया। उल्लेखनीय है कि एक ओर जहां निजी बस संचालकों ने दो गुना किराया कर दिया है। दूसरी ओर चार्टर्ड बस महिलाओं को मुफ्त सफर की सौगात दे रहा है। ऐसे में बस में सफर कर रही मातृशक्तियों ने आज निःशुल्क की खुशी जाहिर की।

## कांग्रेस के पार्षद दावेदार ने किया स्वागत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल मुस्लिम समाज के बड़े पर्व ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सुबह परचम के जुलूस निकाले गए थे, जो दोपहर तक निकले। चंदननगर की सभी गलियों में जुलूस निकले। पार्षद के भावी दावेदार अमजद खान ने मंच लगाकर मुस्लिम समाजजनों का स्वागत किया और जुलूस में भी शामिल हुए।

## रक्षा का वचन लेकर भाई की कलाई पर बंधेगी राखी

### कल दिन भर मनेगा रक्षाबंधन पर्व मिठाइयों की दुकानों पर कतार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। दिन भर अलग-अलग मुहूर्त में बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधेगी, इसके साथ ही भाई से रक्षा का वचन लेगी और भाई के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करेगी। आज से ही मिठाइयों की दुकानों पर कतार, भीड़ नजर आ रही है। शहर की नामी मिठाई दुकानों पर वैसे तो प्री-बुकिंग हो चुकी है, लेकिन कल रात से ही खरीददारों की कतार दिखने लगी थी। आज सुबह से भी मिठाई दुकानों पर भीड़ है। छोटी से छोटी दुकानों को सजाया गया है। रक्षाबंधन पर कल भद्रा नहीं रहेगा। ऐसे में दिन भर राखी बांधने का काम होगा।

# 40 करोड़ की जो सड़क फट गई उसे निगम ने बताया आदर्श सड़क

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस के द्वारा किए जा रहे आंदोलन का नगर निगम ने जवाब दिया है। इसमें नगर निगम के द्वारा उस सड़क को आदर्श सड़क के रूप में प्रस्तुत किया गया है जो की 40 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई और पाइप लाइन में पानी छोड़ते ही फट गई।**

बांबे हॉस्पिटल के पास की सर्विस रोड की बुरी स्थिति को लेकर कल कांग्रेस के द्वारा आंदोलन किया गया था। इस क्षेत्र के लोगों का कहना है कि 2 साल पहले नगर निगम के द्वारा ड्रेनेज की लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था उसके बाद से यह सड़क अभी तक नहीं बनी है। इस स्थिति में इस सड़क से गुजर कर अपने मुकाम तक जाने वाले लोगों के लिए भारी परेशानी पैदा हो गई है। यह परेशानी पिछले 2 साल से निरंतर कायम है।

इस मुद्दे का जवाब नगर निगम के द्वारा कल आधिकारिक तौर पर जारी किया गया। इसमें निगम के द्वारा दावा किया गया कि यह सड़क निर्माणाधीन है। ऐसे में इस सड़क के खराब होने के मुद्दे पर कोई बात नहीं की जा सकती है। इस बारे में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अभी सड़क के निर्माण का कोई काम वहां पर शुरू ही नहीं हुआ है तो ऐसे में इस सड़क को निर्माणाधीन कैसे माना जा सकता है।

निगम के द्वारा अपनी आधिकारिक जानकारी में कहा गया कि इंदौर में कुछ सड़कें आदर्श सड़क के रूप में विकसित हुई है। इसमें एमजी रोड का नाम भी लिया गया। इस सड़क का निर्माण स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 40 करोड रुपए की लागत से किया गया। पिछले दिनों यह सड़क उस समय चर्चा में आ गई थी जब इस सड़क के नीचे डाली गई पाइपलाइन में निगम के द्वारा पानी छोड़ा गया तो पाइपलाइन भी फट गई और सड़क भी फट गई थी। अब नगर निगम इस घटना पर लीपा पोती करने में लगा हुआ है। इस सड़क के घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार ठेकेदार और साथ ही इंजीनियरों को बचाने की कोशिश की जा रही है। इस सड़क के निर्माण के प्रभारी इंजीनियर तो अब निगम की नौकरी से रिटायर हो चुके हैं। साइड इंजीनियर के रूप में काम करने वाले सौरभ माहेश्वरी अपनी सेटिंग के दम पर खुद के बचाव की व्यवस्था कर चुके हैं। जो सड़क घटिया निर्माण के कारण इस समय चर्चा में है उस सड़क को नगर निगम ने आदर्श सड़क के रूप में जनता के सामने रखा है।

# कसेरा बाजार स्कूल के छात्रों ने भी उकेरी मेहंदी





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्राओं के अलावा छात्रों ने भी इस प्रतियोगिता में अपने हूनर दिखाए और कई छात्र तो ऐसे थे जिन्होंने छात्राओं के पहले मेहंदी उंकेर दी। विजेता विद्यार्थी वेदिका यादव, तोषिका पाटिल, जसमित कोर, आध्या कदम, काव्या साहू, जुनेरा खान, लवी परमार, यशस्वी विश्वकर्मा विजेता रहे इनका मंच से प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




# सर्वोदय स्कूल में राखी और लिफाफा मेकिंग प्रतियोगिता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार के पांचवीं से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच राखी मेकिंग से लेकर लिफाफा मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को नर्धारित समय दिया गया था, लेकिन उसके पहले ही कई विद्यार्थियों ने राखी और लिफाफा बनाकर प्रतियोगिता जीतने की पूरी कोशिश की। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में छात्राओं के साथ छात्रों ने भी शिरकत की। उक्त जानकारी प्राचार्य सोनाली दुबे ने दी।




# बचे हुए स्कूल को पोर्टल पर देना होगी फीस की जानकारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

निजी विद्यालय को शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नियत की गई फीस संरचना कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों की जानकारी अशासकीय संस्थाओं से अपलोड कराने के निर्देश पूर्व में दिए गए थे। यह फीस लोड 20 मई तक की जानी थी। शिक्षा विभाग का मानना है कि प्रदेश के जिलों से लेकर इन्दौर जिले में भी अभी भी कई स्कूल ऐसे है जिन्होने पोर्टल पर स्कूल फीस की संरचना लोड नहीं की है, उन्हें फीस अपलोड करने की चेतावनी शिक्षा विभाग ने दी है और उन्हें समयसीमा में यह कार्य करना है। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे बचे हुए अशासकीय स्कूल से फीस संरचना पोर्टल पर अपलोड कराए।



# खाद्य पदार्थ की ट्राली पर नाम-पता नहीं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रेलवे स्टेशन पर खाद्य पदार्थ की ट्राली पर नाम और लाइसेंस नम्बर होना बहुत जरूरी है उसके बाद भी देखने में आ रहा है कि कुछ ट्राली ऐसी है जिस पर निर्धारित आयटम के अलावा भी ज्यादा आयटम लेकर ट्राली पर प्लेटफार्म पर बेची जा रही है। इस ट्राली पर ना दुकान का नाम है ना ही लाइसेंसी धारी का नाम है और ना ही लाइसेंस नम्बर लिखा गया है। रेलवे अधिकारियों का इस पर ध्यान नहीं है।

# लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को बांधी राखिया

**गुरुवार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन पर्व पर ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने स्नेह और विश्वास से भरी राखियाँ बांधी। इन राखियों के पवित्र धागों ने जहां भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को सुदृढ़ किया वहीं प्रदेश की हर बहन के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संकल्प को और मजबूत किया। रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाडली बहना योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि देने के लिए ग्वालियर की लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्वालियर



विमानतल पर तैनात सीआईएसएफ की दो महिला सुरक्षा कर्मियों ने राखियां बांधीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ललाट पर लाड़ली बहनों ने रोली का तिलक लगाकर राखी बांधी मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया।

# मुख्यमंत्री बोले विद्यार्थियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

**गुरुवार ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास में रेलवे अंडरपास में जलभराव के दौरान बैरिकेड हटाकर स्कूल वैन निकालने और विद्यार्थियों की जान जोखिम में डालने की घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापरवाह मैजिक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, साथ ही स्कूल संचालक के विरुद्ध भी वैधानिक प्रकरण दर्ज किया है।

# बरसात के लिए गधे पर बैठकर युवक की श्मशान परिक्रमा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जिले के आम्बेडकर नगरी महू में दो दिन पहले जिंदे व्यक्ति की शव यात्रा निकालकर अच्छी बरसात के लिए टोटका किया गया था। अब महू के ही कोदरिया गांव में ग्रामीणों ने अच्छी बारिश के लिए पुरानी परम्परा का उपयोग टोटका में किया। युवक को गधे पर बैठाकर पुरानी लोक परम्पराओं को निभाते हुए टोटका किया गया और इस युवक की गधे पर ही सवारी श्मशान तक पहुंची, वहां श्मशान की परिक्रमा लगाई गई। पुराने लोगों का कहना था कि यह इन्द्रदेव को प्रसन्न करने के लिए एक टोटका है, गधे को फूलमाला भी पहनाई गई थी। किसान भी चिंतित दिखे और उनका कहना था कि गत वर्ष की तुलना में बारिश कम हुई है इसलिए इस तरह के टोटको से कहीं न कहीं बारिश का लाभ होगा। पानी नहीं गिरा तो सोयाबीन की फसल पर असर आएगा। महू में दो दिन के अन्तर से अलग-अलग जगह पर दो टोटके पानी के लिए जिंदे व्यक्ति की शवयात्रा और गधे पर सवारी का दृश्य सोशल मीडिया में चर्चा बना हुआ है।



# माहेश्वरी महिलाओं ने किया 'प्रीत सिंझारा उत्सव'



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला एवं सखी संगठन ने सातुड़ी तीज पर 'प्रीत सिंझारा उत्सव' का आयोजन किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने गीतों पर नृत्य किया। कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शोभा माहेश्वरी, ज्योति भराणी, माधुरी सोमानी, तृप्ति सोमानी, सुषमा चचानी, हर्षिता महेश्वरी, कविता अजमेरा, श्रेया जाजू, पूनम जितलांगे, अनुशा सोमानी, आशा अजमेरा, पायल मालपानी, वर्षा परवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

## माहेश्वरी स्कूल में रेड-डे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री माहेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल में प्री और नर्सरी के विद्यार्थियों के लिए रेड-डे का आयोजन किया गया। मासूम विद्यार्थी लाल रंग के कपडों में अलग-अलग स्वरूप में स्कूल पहुंचे। देवेन्द्र बाहेती, प्रतिभा कानूनगो, दिनेश कांसट, वंदना ओझा, शीतल उपाध्याय, मोनिका भभोदकर, मंजू लाठी सहित अन्य मौजूद थे।

## माहेश्वरी समाज हाईवे में हुआ सावन मिलन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री माहेश्वरी समाज हाईवे क्षेत्र द्वारा सावन मिलन यात्रा का आयोजन जामगेट, मंडलेश्वर, महेश्वर एवं सहस्त्रधारा सहित विभिन्न दर्शनीय स्थलों पर किया गया। समाज के दम्पति सदस्यों ने इस यात्रा में शिरकत की। राजेश गट्टानी, आशु अभय सारडा, सपना-विकास बांगड़, दीपाली–राजेश बाहेती, सपना-कुलदीप माहेश्वरी का योगदान रहा। कार्यक्रम में सत्यनारायण मंत्री, श्याम सारडा, सुनील मालू, देवेन्द्र बाहेती, विकास मोनिका माहेश्वरी, वासुदेव मालू, सुरेन्द्र लाहोटी सहित अन्य माहेश्वरी समाजजन यात्रा से जुड़े रहे।



## अग्रबंधु पचमढ़ी रवाना हुए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल परिषद द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में परिषद के 100 से अधिक सदस्यों के दल को पचमढ़ी यात्रा के लिए विदाई दी गई। अजय मंगल, राजेन्द्र अग्रवाल, आशीष गर्ग, सत्यनारायण अग्रवाल, तरुण गर्ग, आशीष सोनम अग्रवाल, अनिल अग्रवाल टिल्लू, संजय संगीता अग्रवाल, अमित-रितु गोयल, लोकेन्द्र शशि गर्ग मौजूद थे।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ दोपहर में राजबाड़ा पर प्रदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लगातार बढ़ रही महंगाई के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों और जनसंगठनों ने संघर्ष करने का निर्णय लिया है। आंदोलन के प्रथम चरण में आज दोपहर 3 से 4 बजे तक राजबाड़ा पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद महंगाई के मुद्दे पर लगातार जनजागरण और आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है। आज के आयोजन को लेकर कल बैठक की गई थी। जिसमें कई निर्णय लिए गए। खासतौर से शकर, तेल सहित अन्य महंगी हुई वस्तुओं का मुद्दा उठाया जाएगा। बैठक में श्याम सुंदर यादव, सी. एल. सरावत, रामस्वरूप मंत्री, रुद्रपाल यादव, कैलाश लिंबोदिया, शशिकांत गुप्ते, सोनू शर्मा, जीवन मंडलेचा सहित अन्य मौजूद थे।



## रहवासियों ने मनाया रिसॉर्ट में पिकनिक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के 60 से अधिक रहवासियों ने रिसॉर्ट में पिकनिक मनाया। एक जैसी वेशभूषा में परम्परागत खेल खेले गए। अंतराक्षी, कुर्सी रेस, तम्बोला का आयोजन आभा अरोरा एवं गरिमा तोषनीवाल ने किया। नेहा मिश्रा,प्रतिभा यादव ने स्विमिंग पूल में डांस और पोलो गेम कराए। विमल झड़वरे, शैलेंद्र पोरवाल, प्रवीण भागवत एवं डॉ. योगेश पावड़े का सहयोग रहा।

## जैन महिलाओं ने सुने प्रवचन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री चिंतामणि जैन श्वेताम्बर मंदिर महावीर बाग एरोड्रम रोड पर साध्वी सुभद्राश्रीजी म.सा., शुभंकराश्रीजी म.सा. ने जैन मातृशक्तियों के नवकार दरबार में प्रवचन दिए।



## अग्रसेन महाराज को क़ल राखी बांधी जाएगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन क्लब द्वारा कल रक्षाबंधन शुक्रवार को सुबह 11 बजे अग्रसेन महाराज की प्रतिमा नवलखा पहुंचकर महाराज को राखी बांधने का आयोजन बहनों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर राधा मित्तल, प्रज्ञा अग्रवाल, पुष्पा ऐरन, कमल किशोर गर्ग, ऊषा बंसल, रिंकू अग्रवाल, मीना गोयल, सुरभि अग्रवाल, सपना मंगल, प्रीति गोयल, अंजली बंसल, मीनू अग्रवाल, अलका अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, वंदना मित्तल, कविता अग्रवाल, निखिल शीतल अग्रवाल, शिराली गर्ग, राज किरण गोयल, प्रीति गर्ग, किरण खजांची, मीना अग्रवाल, निशा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल आदि मौजूद रहेंगी।

## बीएसएफ जवानों के साथ राखी उत्सव

### उमंग परिवार ने किया पौधारोपण एवं टिफिन पार्टी आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



उमंग परिवार द्वारा बीएसएफ कैंप में सैनिक भाइयों के साथ राखी उत्सव, पौधारोपण एवं टिफिन पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहनों ने सैनिक भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता व्यक्त की। हेमलता गोधा, नीता कासलीवाल, मीना बिलाला, दीपाली कासलीवाल, निर्मला जैन, मुक्ता जैन, अनिता जैन, मीना कटारिया, रिंकू अजमेरा, मोनिका कासलीवाल, नेहा पाटनी, ऋतु बज, स्वेता पहाड़िया, मोना बाकलीवाल, सारिका गोधा, प्रीति विनायका, पिंकी जैन, संगीता गंगवाल, नन्ही चार्वी, साधना अजमेरा, सरिता अजमेरा, ज्योति गोधा, शशि जैन, अनीता सेठी, रीना गंगवाल, मोनिका काला, दीप्ति पाटोदी, प्रीति भट, दीपाली पाटनी, शिखा काला, दर्शनाा जैन, सुनीता काला, अर्चना गोधा सहित अन्य मौजूद थी।



## 80 वर्षीय मातृशक्ति ने बनाई राखियां

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 80 वर्षीय शांतिदेवी खजवानिया ने अभी भी अपने हाथों से राखियां तैयार की। इस उम्र में भी वे एक्टिव रहती है।

## ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान का रक्षाबंधन पर्व

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान लिम्बोदी खंडवा रोड द्वारा संचालित 'होम अगेन' में रक्षाबंधन का पर्व मनाया। गायत्री परिहार, रमेश मेवाड़ा, प्रेम व्यास, सागर कसेरा, विजय धवले, मीनाक्षी वर्मा, विपिन शर्मा, रिशिता मेती मौजूद थे।



## सेवाकार्य पर गोयल-रणधर का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लायंस इंटरनेशल की 3233 जी 1 ने वर्ष 2025-26 में सेवा कार्यों के लिए संतोष गोयल एवं दिनेश रणधर को सम्मानित किया। अनिल खंडेलवाल, एसपी नामदेव, शरद मेहता, सुरेश जैन, यश शर्मा, रश्मि गुप्ता, साधना सोडानी, परविंदर भाटिया, राम जाट, डॉ. सीपी हेडा, हरीश उप्पल, संजय लोहिया, निर्मल राजपूत, सुभाष जैन, विनोद जोशी, नवीन छाबड़ा, प्रीति जैन, संजय डिगडांग मौजूद थे।



## सांची दूध पैकेट पर खेत-खलिहान कलाकृति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लम्बे समय से सांची दूध का पैकेट एक जैसा है। बताया जा रहा है इस बार पैकेट को नए कलेवर में प्रस्तुत किया जा रहा है। अब पैकेट पर खेत-खालिहान और गोंड कलाकृति की झलक नजर आएगी। मध्य प्रदेश में सहकारी आंदोलन और लाखों दुग्ध उत्पादक परिवारों की आजीविका का प्रतीक सांची मिल्क ब्रांड अब जेन-जी कल्चर में अपनी नई ब्रांड इमेज स्थापित करने जा रहा है। दूध संघ पदाधिकारियों का कहना है कि बाजार में बने रहने के लिए बदलाव भी जरूरी है। सांची दूध संघ में दूध का बड़ा उत्पादन होता है जो किसानों से संग्रहित किया जाता है।






## किंडर बड्स स्कूल में मनाया उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** किंडर बड्स स्कूल में संस्कार एवं उल्लास के साथ रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। पर्यावरण और जल बचाने का संदेश देते हुए पेड़ों को राखी बांधी गई। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को राखी बांधने के साथ अपने अध्यापकों को भी राखी बांधी। निदेशक डॉ. धीरज हसीजा, प्राचार्य डॉ. दीपिका हसीजा एवं समस्त शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# जैन संतों की मौजूदगी में नवकार महामंत्र आराधना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

क्रेशरी वाटिका में नवकार महामंत्र आराधना का आयोजन जारी है। बड़ी संख्या में जैन समाजजन इस महामंत्र अराधना में शामिल हो रहे है। जैन समाज के संत-साध्वी की मौजूदगी में यह बडा आयोजन किया जा रहा है। सिद्धी तप और तप अराधना 54 तपस्वियों की भी चल रही है, 36 लोगों का पारणा भी हुआ। राजेश जैन युवा ने उक्त जानकारी दी।

## मासखमण तपस्वियों के अभिनंदन और वरघोड़ा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में मासखमण तपस्वियों के अभिनंदन का आयोजन कर वरघोडा निकाला गया। इस दौरान सुबह हल्की बारिश भी हुई। नरसिंग वाटिका से कालानी नगर होकर यह वरघोडा वापस नरसिंह वाटिका पहुंचा। साध्वी डॉ. श्री कुमुदलता म.सा. ने तप की महिमा बताई। आज 'उवसग्गहरं स्तोत्र' का महामंगलकारी अनुष्ठान आयोजित किया गया। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।

# अहिल्या सेना कल मनाएगी बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अहिल्या सेना महानगर द्वारा निराश्रित एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व कल शुक्रवार की सुबह 9 बजे राजकीय बाल संरक्षण आश्रम, छावनी में मनाया जाएगा।

## शिव परिवार मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।श्रावण मास के पावन अवसर पर ट्रेजर फैंटेसी कॉलोनी, कैट रोड स्थित ताप्ती परिसर में प्रस्तावित शिव परिवार मंदिर निर्माण का



भूमिपूजन हुआ। पुजारी रवि त्रिपाठी ने मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कराया। राजेश अग्रवाल, विक्रम राणा एवं मातृशक्तियां भी मौजूद थी।



## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का इस्तकबाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खजराना क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकले जुलूस का कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी सलीम पठान की जानिब से लगाए गए स्वागत मंच पर स्वागत किया गया।



# मोती तबेला से निकला जुलूस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जश्ने ईद मिलाद उन नबी के शुभ मौके पर हर साल की तरह इस साल भी मोती तबेला में जुलूस का आगाज हुआ,जिसमें शहरभर के नौजवानों ने शिरकत की इस खुशी के मौके पर मोती तबेला चौराहे से जुलूस का आगाज हुआ ओर हरसिध्दि मंदिर से होते हुए जैन मिठाई, कलेक्टर ऑफिस होते हुए फिर मोती तबेला पर जुलूस का समापन हुआ, जिसमें शहर भर के लोगों ने हिस्सा लिया जुलूस में लंगर तबर्रुक का भी इंतजाम किया गया,बच्चों बड़ों सभी लोगों में खुशी का माहौल देखा गया, जुलूस के समापन के बाद रावजी बाजार पुलिस का सभी लोगों ने दिल से शुक्रिया अदा किया ओर जुलूस के बाद दुआ अदा की गई,जुलूस को कामयाब बनाने में मोहल्ले के नौजवान समीर बा, इलियास पहलवान, मोनू पठान, सगीर भाई, अजहर भाई, जुबेर भाई, परवेज़ भाई (भुरा) की मुख्य भूमिका रही।



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

# आईपीएस में ग्रेजुएशन-डे समारोह

आईपीएस एकेडमी, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड साइंस एक यूजीसी स्वायत्त संस्थान, में ग्रेजुएशन-डे समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ स्नातक विद्यार्थियों की शोभायात्रा के बाद अकादमिक जुलूस के साथ हुआ। समारोह में कुल 980 स्नातकों को उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



## वार्ड रहवासियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वार्ड 41 के रहवासियों ने प्लास्टिक लाओ...पौधा पाओ अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आरआरआर सेन्टर पहुंचकर प्लास्टिक जमा कर पौधा लिया गया और फिर पौधा का रोपण भी किया गया। श्रवण वर्मा, विश्वनाथ मालवीय, सुरेश कनेरिया, हादी गोरी और स्नेहा यादव ने प्लास्टिक एकत्रिकरण का भी अभियान चलाया।

## जैन ग्रुप ने खिलाया धार्मिक तम्बोला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नवरत्न परिवार महिला मंडल द्वारा नवरतनबाग जैन उपाश्रय पर धार्मिक तंबोला का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी शिरकत की। विजेता को पुरस्कृत किया गया। किरण जैन बाफना, नरेन्द्र बोथरा, साधना राका, मनीष मुगालिया सहित अन्य मौजूद थे।



## 48 दीपक से आज रात भक्ताम्बर पाठ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 1008 श्री अजीतनाथ त्रिमूर्ति दिगम्बर जैन मंदिर मार्डन सिटी ट्रस्ट और समाज द्वारा आज गुरुवार की रात 8.30 बजे से 48 दीपक से भक्ताम्बर पाठ का आयोजन आज चौदस पर किया जाएगा। लाभार्थी अजय-ज्योति सेठी, मयूर-सलोनी, आर्वी कालानी नगर है। उक्त जानकारी पंकज जैन ने दी।



## स्वास्थ्य शिविर और दवा वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा दो बाल आश्रम कालानी नगर स्थित नवकार बाल आश्रम तथा उन्मुक्त आनंद बाल आश्रम में स्वास्थ्य शिविर व दवा वितरण का आयोजन किया। डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. रक्षा शिंदे, डॉ. जीवन अग्रवाल, डॉ. भारत जादम, डॉ. दीपिका साहू ने सेवाएं दीं। आश्रम के 100 से अधिक बच्चों की श्वास जांच की गई।

## 30 से अधिक व्यंजनों से सजी केरल संध्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** केरल के प्रमुख पर्व ओणम का उत्साह कल देखने को मिला। शहर के सभी पांच इंडियन कॉफी हाउस में पारंपरिक 'केरल संध्या' का आयोजन किया गया। दोपहर के भोजन में केले के पत्तों पर 30 से अधिक प्रकार के पारंपरिक शाकाहारी व्यंजन परोसे गए। केरल से जुड़े कर्मचारियों ने मिलकर इस आयोजन को पारंपरिक



स्वरूप दिया। केरलीय परंपरा के अनुसार भजन और सांस्कृतिक माहौल के बीच केले के पत्तों पर आत्मीयता के साथ भोजन परोसा गया।

# 100 से अधिक जोड़ों ने किया रुद्राभिषेक



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण नगर सभा इंदौर एवं गौतम आश्रम ट्रस्ट, सुदामा नगर के संयुक्त तत्वावधान में सावन माह में गौतम आश्रम सुदामा नगर में 100 से अधिक जोड़ों तथा 100 एकल वरिष्ठ व युवा श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक में शिरकत की। पुरुषोत्तम तिवारी, देवेश्वर ज़ोशी, सोमेश्वर जोशी, वीरेंद्र व्यास, विनोद त्रिपाठी, प्रदीप उपाध्याय, कमलेश तिवारी,अखिल दुबे, शैलेंद्र शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, प्रदीप शर्मा, मनोज गोपाल शर्मा, मनीष दुबे, प्रेमलता उपाध्याय, टीना शर्मा,भव्य तिवारी, प्रभव जोशी, शिवांश दुबे, वंशिका तिवारी, माया शर्मा, रंगीमा जोशी, करुणा शर्मा, अनिता जोशी, चंद्रकांता शर्मा, इंदिरा जोशी मौजूद थे।

## अग्रवाल समाज पूर्वी क्षेत्र की बैठक में कलश यात्रा पर चर्चा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्वी क्षेत्र अग्रवाल समाज अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर कलश यात्रा निकालेगा। यात्रा को लेकर कल मालवा मिल धर्मशाला पर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यात्रा को लेकर कई निर्णय लिए गए। पीडी अग्रवाल, गणेश गोयल, अजय गोयल, गोविंद गर्ग, नरेश मित्तल, राजेन्द्र अग्रवाल, गोविंद गोयल, सुशील अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अजय मित्तल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, नितेश बंसल, नीरज गोयल, अजय अग्रवाल, केके गोयल, शंकर गोयल, संजय राधाकिशन गोयल, मनोहर अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, गोपाल गर्ग, नरेश मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।



# पंजाबी महिलाओं ने किया आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंजाबी महिला विकास समिति ने पिकनिक आयोजन मनोरंजन कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। रूबी शीतल, गुरविंदर दुग्गल, वीणा सहानी, स्वीटी टूटेजा, मनबीर नारंग, निशि गंभीर सहित अन्य मौजूद थी।

# नादिया नगर सरकारी स्कूल में मिलेगी एक और नई मंजिल की सौगात

## पहली मंजिल पर शुरू होगा अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 44 से जुड़े क्षेत्र नादिया नगर बस्ती में स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में छात्र और छात्राओं की सुविधाओं के लिए विद्यालय भवन में लाखों रुपए खर्च कर भवन की पहली मंजिल पर अतिरिक्त कमरों का नवनिर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर निगम के शाला प्रकोष्ठ ने अपनी ओर से निविदा जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत अगले माह की शुरुआत में टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द निर्माण कार्य भी हाथों हाथ तय समय सीमा में शुरू होने की उम्मीद है। जिसका फायदा क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक विद्यालय भवन के छात्र-छात्राओं को भविष्य में मिलेगा।

गौरतलब है कि लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी क्षेत्रीय पार्षद और विधायक महेंद्र हार्डिया से बच्चों की सुविधा के लिए अतिरिक्त नवीन स्मार्ट क्लासरूम बनाने की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक और महापौर लंबे समय से प्रयास कर रहे है। लेकिन हालात यह है कि की 7 से 8 बार प्रयास करने के बाद भी यहां का काम कोई लेने को तैयार नहीं है। किसी भी ठेकेदार द्वारा यहां के काम में रुचि नहीं लेने की स्थिति में एक बार फिर निगम द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मांग पर निविदा प्रक्रिया शुरू की है जिसके अंतर्गत उम्मीद की जा रही है कि अगले माह आठवीं बार कोई यहां के काम में रुचि लेगा तो जल्द अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा जिसका लाभ क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा।

## मूसाखेड़ी में सेंट्रल डिवाइडर पर जगमगाएगी
# 50 से ज्यादा नई एलईडी लाइटिंग

### जन्माष्टमी से पहले लोकार्पण कर शुभारंभ करने की तैयारी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा 5 के मूसाखेड़ी क्षेत्र में आजाद नगर काली पुलिया से गोल चौराहे तक के बड़े हिस्से में अब जन्माष्टमी से पहले बेहद जल्द 50 से ज्यादा नई एलाइडी लाइटिंग से जगमगाहट करने की तैयारी अब तेज हो गई है। रोशनी को लेकर इन दिनों काली पुलिया से गोल चौराहा तक के 80 फीट चौड़े फीडर रोड पर लंबे समय के बाद क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से निगम द्वारा इस मार्ग पर सालों पुराना अंधेरा दूर करने के लिए क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर दो हिस्सों में करीब 12-12 दोनों तरफ लगभग 24 बिजली के पोल पर 50 से ज्यादा एलईडी लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

**आधे से ज्यादा हिस्से में नए पोल और लाइटिंग लगाने का काम भी हो गया पूरा–**यही नहीं आधे से ज्यादा हिस्से में करीब 15 से ज्यादा नए इलेक्ट्रिक पोल और इन पर 120 वॉल्ट की नई एलईडी लाइट लगाने का काम भी पुरा हो गया है। वही बताया जा रहा है कि अगले दो-चार दिन में बचे हिस्से में नए बिजली के पोल लगाने का काम भी बेहद जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद कहा जा रहा है कि आने वाले त्यौहारों से पहले निगम के विद्युत विभाग के अधिकारियों का प्रयास कि जल्द से जल्द नई लाइटिंग लगाने का काम पूरा कर लिया जाए ताकि क्षेत्रीय विधायक हार्डिया, महापौर भार्गव और क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल्द ही लोकार्पण कर नई लाइटिंग का शुभारंभ कर क्षेत्र की जनता को अंधेरे से उजाले की सौगात दी जाए। जिसको लेकर फिलहाल आजाद नगर से गोल चौराहे तक नए पोल लगाकर उन पर एलइडी लाइट लगाने का काम इन दिनों तेजी के साथ अंतिम दौर में चल रहा है।

# वैष्णो देवी मंदिर के सामने से लेकर बायपास तक फुटपाथ का काम शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 50 के अंतर्गत स्कीम 140 रोड पर वैष्णो देवी मंदिर के सामने से लेकर बायपास तक नवीन फुटपाथ निर्माण का काम निगम द्वारा शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत निगम द्वारा पुराने टूटे - फूटे ब्लॉक उखाड़कर नए आकर्षक डिजाइन वाले ब्लॉक लगाकर पहले से ज्यादा खूबसूरत फुटपाथ बनाने का काम किया जा रहा है। इससे बड़ी बात यह है कि 100 फीट से ज्यादा चौड़ी रोड पर फुटपाथ बनने से पैदल चलने वाले आमजन को इससे ज्यादा फायदा होगा। यही नहीं इसके अलावा फुटपाथ की जगह पर अवैध कब्जा करके गुमटियां और ठेला लगाकर सड़क पर धंधा करने वालों से भी जगह मुक्त रहेंगी और आने जाने वाले लोगों की राह भी आसान होगी।

**त्योहारों से पहले मार्ग संवारने का कार्य होगा शुरू –**गौरतलब है कि निगम द्वारा पिछले साल सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत पिपलियाहाना तालाब से लेकर स्कीम 140 रोड के बड़े हिस्से में अग्रवाल पब्लिक स्कूल चौराहे तक फुटपाथ बनाकर आकर्षक पेड़ पौधे लगाकर सजाने संवारने के कार्य किए थे। आकर्षक बेंच लगाकर सुबह-शाम घूमने वालों के लिए बैठक व्यवस्था भी की थी। वहीं अब निगम द्वारा एक बार फिर बचे हिस्से में वैष्णो धाम मंदिर से लेकर बायपास तक के हिस्से को संवारने के लिए दोबारा काम शुरू कर पहले चरण में फुटपाथ निर्माण कर फिर उस पर सौंदर्यकरण के काम भी किए जाएंगे, जिसको लेकर लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी मांग कर रहे थे। जिसके बाद अब त्यौहारों से पहले दोबारा काम शुरू कर सौन्दर्यकरण के काम शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जागी है।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग धार में पंवार और धनगर को जिम्मेदारी

**खरगोन में यादव को प्रभार**

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है। धार नगर में मुकेश पंवार को बनाया, जो मूल इंदौर के हैं और धार ग्रामीण विकास धनगर को बनाया गया है, जो मूल बड़वानी के हैं। कई भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। वहीं निमाड़ के खरगोन में सुनील यादव को प्रभार दिया गया है, जो मूल बड़वानी के हैं।

# पूर्वी रिंगरोड़ पर मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहे तक तैयार नए ट्रैक पर बेहद जल्द ट्रायल रन पूरा होने के बाद आमजन के लिए मेट्रो पूरी तरह से शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। लेकिन इस काम में लगातार देरी हो रही है। दूसरी ओर वर्तमान में मेट्रो स्टेशन के आसपास लोगों को पार्किंग के लिए इन दिनों तेजी के साथ निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे बाद में वाहन चालकों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। लोगों की पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए निगम द्वारा वर्तमान में मेट्रो स्टेशन के आसपास खाली जगह में पार्किंग निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत सुपर कॉरिडोर से लेकर सुखलिया और सुखलिया से मेघदूत गार्डन के साथ विजयनगर और रेडिएसन से रोबोट चौराहे तक के बड़े हिस्से में मेट्रो के तैयार स्टेशनों के आसपास जहां जैसी जगह मिल रही है वहां ब्लॉक लगाकर वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है ताकि मेट्रो ट्रेन में बैठने वाले लोगों को अपने वाहनों की चिंता नहीं रहे और उनके निजी वाहन सुरक्षित और व्यवस्थित पार्किंग में सुरक्षित खड़े रहे इसको लेकर व्यवस्था और जगह के चयन के साथ वह अस्थाई व्यवस्थित पार्किंग बनाने का काम ब्लॉक लगाकर किया जा रहा है।



# निर्माण काम पूरा, रंग भरते ही दिखने लगेगा बप्पा का स्वरूप

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अगले माह में शुरू हो रहे 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारी अब तेज हो गई है। शहर में बंगाली कलाकारों द्वारा पिछले तीन माह से भी ज्यादा समय से प्रतिमाओं के निर्माण का कार्य अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। मूर्तिकारों के मुताबिक 80 फ़ीसदी से ज्यादा प्रतिमाएं बनकर तैयार भी हो गई है। जिनमें अब सिर्फ रंग भरकर मूर्तियों का मूल स्वरूप तैयार करने का काम भी इसी सप्ताह में शुरू होने वाला है।

**खजराना क्षेत्र में तीन माह से चल रहा मूर्तियों का निर्माण**

**आधी से ज्यादा तैयार हो रही प्रतिमाओं की बुकिंग भी हो गई-** यही नहीं तैयार हो रही गणेश मूर्तियों में लगभग आधी से ज्यादा प्रतिमाओं की बुकिंग भी हो रही है। वहीं बंगाली चौराहा,कनाड़िया रोड़, पिपलियाहाना क्षेत्र के साथ नंदानगर, मालवामिल, पाटनीपुरा, सुदामा नगर, सिंधी कालोनी, छावनी, मयूरनगर, मूसाखेड़ी सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग तैयार हो रही गणेश प्रतिमाएं देखने और बुकिंग कराने भी पहुंच रहे हैं।

# नवलखा चौराहे पर सिग्नल जंप कर नियम तोड़ने वालों की 'अब खैर नहीं'

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नवलखा चौराहे पर सबसे ज्यादा लगने वाले जाम से अब थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जागी है। दरसअल चौराहे पर लंबे समय से बंद सीसीटीवी कैमरे सुधारकर दोबारा चालू करने और कुछ जगह नए कैमरे लगाने से चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवानों को भी अब थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बताते है यहां लंबे समय से जो कैमरे बंद पड़े थे, उनके कारण ट्रैफिक नियमों का पालन ठीक से नहीं हो पा रहा था। यही नहीं नियम तोड़ने वालों के चालान भी नहीं कट पा रहे थे। उसी व्यवस्था में सुधार लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों की शिकायत पर निगम यातायात विभाग द्वारा सुधार कार्य शुरू कर नवलखा चौराहे पर लगे सीसीटीवी सुधारने



और खराब की जगह नए बदलने के अलावा ट्रैफिक सिग्नल की गड़बड़ और टाइमिंग को भी सुधारने की कवायद की जा रही है ताकि लोगों को राहत मिले।

### पांच रास्तों वाले बड़े चौराहे पर लगता है रोजाना भारी जाम

गौरतलब है कि पांच रास्तों वाले बड़े चौराहे में शुमार नवलखा चौराहे पर आए दिन शाम के समय सबसे ज्यादा बड़ा जाम लगता है। जिससे राहत के लिए और लगातार ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पकड़ कर चालानी कार्रवाई करने के लिए पुलिस जवानों की शिकायत पर निगम के ट्रैफिक विभाग द्वारा क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे को सुधारकर और खराब कैमरों की जगह नए कैमरे लगाकर व्यवस्था में सुधार लाने का काम किया जा रहा है।

### अब नहीं बचेंगे तीसरी नजर से

नवलखा चौराहे पर लंबे समय से कुछ कैमरे बंद होने का फायदा उठाकर ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर सिग्नल पर जंप मारने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं रहेगी। लंबे समय से बंद और खराब कैमरे सुधारकर अब ट्रैफिक पुलिस चालानी कार्रवाई आसानी से कर सकेगी। साथ ही चौराहा के पूरे ट्रैफिक पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहले जैसी पूरी निगरानी भी रख सकेगी। साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालानी कार्रवाई भी कर सकेगी जिसको लेकर यहां तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है।

## संपादकीय

# नेपाल में बाढ़ की तबाही ने फिर चेताया, हिमालय से छेड़छाड़ कितनी भारी पड़ेगी?

यह त्रासदी इस बात का संकेत है कि हिमालयी क्षेत्र पारिस्थितिकीय रूप से कितना संवेदनशील है। प्रकृति हमें जल, वायु, भूमि, वन और जीवन के लिए आवश्यक अनेक संसाधन प्रदान करती है। मगर विकास और आधुनिक जीवन की दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के बजाय उसका अंधाधुंध दोहन शुरू कर दिया है। तिब्बत से लगे नेपाल के रसुवा और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को आई बाढ़ से बड़े पैमाने पर हुए जान-माल के नुकसान ने सभी को झकझोर दिया है। इस त्रासदी में कई लोगों की जान चली गई, जबकि पांच सौ से ज्यादा लापता हैं, जिनमें सौ से अधिक भारतीय भी शामिल हैं। बाढ़ से कई पुल बह गए और कम से कम एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रारंभिक अध्ययन रिपोर्टों और उपग्रह से ली गई तस्वीरों के विश्लेषण से पता चला है कि नेपाल-तिब्बत सीमा के पास पहाड़ी से चट्टानों के खिसकने के बाद बाढ़ आई। यानी यह हिमालय की संवेदनशीलता और उसकी पारिस्थितिकीय प्रकृति को समझने तथा विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने को लेकर एक गंभीर चेतावनी है। बाढ़ की खौफनाक तस्वीरों से यह समझना मुश्किल नहीं है कि जब प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाती है, तो मानव सभ्यता उसके आगे बेबस हो जाती है। प्रकृति और मनुष्य का संबंध अत्यंत गहरा एवं परस्पर निर्भरता पर आधारित है और जब इसमें कृत्रिम असंतुलन होता है, तो यह विनाशकारी घटनाओं का कारण बनता है। खबरों के मुताबिक, सबसे पहले भोटे कोशी नदी में अचानक बाढ़ आई, जिससे तिब्बत की सीमा से लगे नेपाल के रसुवा और धादिंग जिले प्रभावित हुए। पानी और मलबे का बहाव इतना तेज था कि आसपास के धादिंग, नुवाकोट और चितवन जिले भी इसकी चपेट में आ गए। बाढ़ से लापता भारतीयों में से ज्यादातर तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे। नेपाल के बाढ़ पूर्वानुमान प्रभाग के मुताबिक, पहाड़ी से चट्टानों एवं मिट्टी के खिसकने से नदी अवरुद्ध हो गई और वहां बनी झील के टूटने से भीषण बाढ़ आई। यह त्रासदी इस बात का संकेत है कि हिमालयी क्षेत्र पारिस्थितिकीय रूप से कितना संवेदनशील है। प्रकृति हमें जल, वायु, भूमि, वन और जीवन के लिए आवश्यक अनेक संसाधन प्रदान करती है। मगर विकास और आधुनिक जीवन की दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के बजाय उसका अंधाधुंध दोहन शुरू कर दिया है। जंगलों की कटाई, पहाड़ों का अतिक्रमण, नदियों के मार्गों में हस्तक्षेप और अनियोजित निर्माण जैसे कार्यों का परिणाम बाढ़ जैसी विनाशकारी त्रासदियों के रूप में सामने आ रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन नदियों को नेपाल की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा-संभावना की जीवनरेखा माना जाता है, उन्हीं के किनारे बेतरतीब बस्तियां, सड़कें और अन्य ढांचागत संरचनाएं तैयार कर दी गई हैं। विकास आवश्यक है, लेकिन इस क्रम में पहाड़ों की प्रकृति की अनदेखी अंततः जोखिम का विस्तार बन जाती है। जलवायु परिवर्तन ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। मौसम का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ता है, तो कहीं बहुत कम समय में अत्यधिक वर्षा या बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। साफ है कि पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ बाढ़ जैसी त्रासदी को जन्म देती है। बहरहाल, विदेश मंत्रालय का कहना है कि नेपाल में बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों के बचाव और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए वहां की सरकार के साथ लगातार संपर्क एवं समन्वय किया जा रहा है। मगर, इस बाढ़ से नेपाल के साथ लगते बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी खतरा मंडराने लगा है। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि वहां एहतियाती तौर पर सुरक्षा के माकूल प्रबंध किए जाएं, ताकि किसी तरह के नुकसान से बचा जा सके।

## सोना-चांदी के आज के भाव

| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 157300 | 159200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 242100 | 237300 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पत्नी ने पति के सिर पर ईंट दे मारी

## कपड़े और टिफिन मांगने पर विवाद

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के एक गांव में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी द्वारा पति पर ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। कपड़े और खाने का टिफिन मांगने की बात पर भड़की पत्नी ने पति के साथ गाली-गलौज करते हुए पीछे से सिर पर ईंट मार दी और जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर आरोपी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी सोनू पिता रमेश गिरवाल निवासी ग्राम बरदरी पड़ाव ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि घर पर जब उसने अपनी पत्नी शांतिबाई से कपड़े और खाने के टिफिन को लेकर बात की, तो वह अचानक भड़क गई और गालियां देने लगी। जब पीड़ित ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी पत्नी शांतिबाई ने आपा खो दिया। उसने पास में पड़ा ईंट का टुकड़ा उठाया और पति के सिर के पिछले हिस्से पर दे मारा। जिससे सिर से खून बहने लगा। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कराया और मामला शांत कराया। जाते-जाते आरोपी पत्नी ने धमकी दी कि आज के बाद कभी भी कपड़े और खाने के टिफिन के लिए बोला तो जान से खत्म कर दूंगी।

# 56 के पास आधे-अधूरे बस स्टॉप की सौगात

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर नगर निगम के एआईसीटीसीएल द्वारा शहर में पिछले सालभर से करीब 200 नए आधुनिक बस स्टॉप निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में अब तक करीब 70 के आसपास नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप बनकर तैयार भी हो गए है। यही नहीं इनमें से कई जगह ज्यादातर नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले डिजिटल बस स्टॉप शुरू भी हो गए है। वहीं कई जगह निर्माणाधीन प्रक्रिया में है। दूसरी तरफ कुछ जगह हालत यह है कि एआईसीटीसीएल के द्वारा ध्यान नहीं देने से कुछ जगह नए बस स्टॉप की सुविधा देने की जगह आधे-अधूरे बस स्टॉप बने हैं ,जो यात्रियों के काम भी नहीं आ रहे। शहर के प्रमुख स्थान 56 दुकान रोड पर एमजी रोड के चौराहे से लगे हिस्से में आधे-अधूरे बस स्टॉप की सौगात यात्रियों के काम नहीं आ रही है। जहां लोहे का स्ट्रक्चर बनाकर बस स्टॉप बनाने का काम लंबे समय से अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके अलावा भी विजय नगर, पलासिया क्षेत्र में कुछ जगह पर सिटी बस के नवीन आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप का काम अधूरा छोड़



दिया गया है। इस पर एआईसीटीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि की कुछ जगह दिक्कत जरूर आ रही है जहां अधूरा बस स्टॉप बने हैं जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों और आसपास के व्यापारियों की आपत्ति के कारण ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। यहां ठेकेदार कंपनी को जगह देने और स्टाफ बनाने को लेकर लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। पलासिया क्षेत्र के अलावा एमजी रोड और अन्य कुछ जगह पर ऐसी स्थिति के कारण बस स्टॉप का काम अधूरा है। जहां लोगों को समझाया जा रहा है और बस स्टॉप जो जनता की सुविधा के लिए बनाए जा रहे हैं इसका विरोध करने वालों को समझाइईश दी जा रही है ताकि नए बस स्टॉप का निर्माण कार्य बिना बाधा के तेजी से चले। इसको लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे है।

# सांवरिया सेठ के लिए स्विट्जरलैंड से भिजवाई चांदी की राखी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। रक्षाबंधन के त्योहार पर सांवरिया सेठ के लिए स्विट्जरलैंड से एक भक्त ने चांदी की राखी भिजवाई है। यह राखी रक्षाबंधन के दिन सांवरिया सेठ को बांधी जाएगी।**

इंदौर जिले के देपालपुर में स्थित सांवरिया सेठ मंदिर के भक्तों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस मंदिर में एक बार जो भक्त आ जाता है वह सांवरिया सेठ से नयन लगा बैठता है। ऐसे भक्त को फिर हमेशा अपने आराध्य सांवरिया सेठ नजर आते हैं। अब ताजा मामला रक्षाबंधन के त्यौहार का है। देपालपुर के इस सांवरिया सेठ के मंदिर में ठाकुर जी को रक्षाबंधन पर बांधने के लिए स्विजरलैंड के एक भक्त ने चांदी की राखी भिजवाई है। इस वक्त का नाम वंदना कुमारी है। वे पिछले कुछ सालों से स्विट्जरलैंड में रह रही है। स्विट्जरलैंड जाने के पूर्व ठाकुर जी के दर्शन करने के लिए देपालपुर के इस मंदिर में आई थी। इस बार उन्होंने स्विट्जरलैंड से देपालपुर के नागेश्वर ज्वेलर्स से संपर्क किया। इस दुकान को चलाने वाले अंकित सोनी से चर्चा कर ठाकुर जी के लिए चांदी की राखी बनवाई और इसका भुगतान स्विट्जरलैंड से ऑनलाइन कर दिया।

अब यह चांदी की राखी तैयार हो गई है। इस राखी को रक्षाबंधन के दिन ठाकुर जी को बांधा जाएगा। यह पहला मौका है जब ठाकुर जी के लिए स्विट्जरलैंड के भक्त के द्वारा रक्षाबंधन की राखी भिजवाई गई है। वैसे स्थानीय भक्तों के द्वारा तो रक्षाबंधन के दिन सांवरिया सेठ को अपने घर से राखी लाकर बांधी जाती है और अपनी रक्षा का वचन लिया जाता है। इस समय स्विट्जरलैंड के भक्त की भक्ति सभी दूर चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

# भुगतान अटका तो पुल-पुलिया के टेंडर भी अटके

## 5-6 बार बुलाने पर भी ठेकेदार नहीं आए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम की आर्थिक तंगी अब शहर की पुल-पुलियाओं के निर्माण और सुधार कार्यों पर भारी पड़ रही है। निगम पर ठेकेदारों का करोड़ों रुपए बकाया होने के कारण नई पुल-पुलियाओं के निर्माण और जर्जर पुलों के सुधार के लिए ठेकेदार टेंडर में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। स्थिति यह है कि निगम को कई कामों के लिए पांच से छह बार तक टेंडर जारी करने पड़ रहे हैं, इसके बावजूद निर्माण एजेंसियां काम लेने को तैयार नहीं हैं। बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त और जर्जर पुल-पुलियाओं से गुजरने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

शहर में कई पुल-पुलिया ऐसी हैं, जो पहले से संकरी हैं और उन पर ट्रैफिक का दबाव भी अधिक है। बरसात में जलभराव और क्षतिग्रस्त हिस्सों के कारण इनकी स्थिति और खराब हो जाती है। निगम ने इस बार के बजट में पुल-पुलियाओं के निर्माण, चौड़ीकरण और सुधार के लिए राशि का प्रावधान किया है, लेकिन पुराने कामों का भुगतान अटकने से ठेकेदार नए काम हाथ में लेने से बच रहे हैं।

**नगर निगम की आर्थिक तंगी का असर विकास कार्यों पर ब्रेक**

### तीन प्रमुख कामों के टेंडर बार-बार जारी

राऊ विधानसभा क्षेत्र में अर्जुन नगर से ट्रेजर टाउनशिप के बीच पुल का चौड़ीकरण प्रस्तावित है। 2 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत वाले इस काम के लिए निगम पांच बार टेंडर जारी कर चुका है, लेकिन कोई एजेंसी सामने नहीं आई। ग्राम पालदा में बनवारी नगर नदी पर 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बॉक्स कलवर्ट बनाया जाना है। इसके लिए दो बार टेंडर जारी हो चुके हैं, लेकिन दोनों बार कोई ठेकेदार नहीं आया। वहीं लसूड़िया मोरी गांव में श्मशान घाट के पास 1 करोड़ 1 लाख रुपए की लागत से पुलिया का निर्माण होना है। इसके लिए भी दो बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी नहीं मिली। इसके अलावा निगम के पुल प्रकोष्ठ ने कई जर्जर पुल-पुलियाओं को तोड़कर नए निर्माण और कुछ के चौड़ीकरण के टेंडर भी जारी किए हैं। भुगतान की स्थिति नहीं सुधरी तो इन कामों में भी देरी होने की आशंका है। इसका सीधा असर उन क्षेत्रों के रहवासियों पर पड़ेगा, जहां पुल-पुलिया रोजमर्रा के आवागमन का प्रमुख रास्ता हैं।

# सिक्योरिटी गार्ड का बेटा यूपी टी20 में बल्ले से मचा रहा कोहराम

**नई दिल्ली।** जब इरादों में मजबूती, संस्कारों की विरासत और परिवार का आशीर्वाद साथ हो तो अभाव भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। अमेठी जिले के ब्लॉक संग्रामपुर के ग्राम खरेथु निवासी स्वर्गीय भारत सिंह (गांधी) जी के नाती और एक कंस्ट्रक्शन साइट पर गार्ड की नौकरी करने वाले हरिकेश सिंह के बेटे हिमांशु सिंह ने यूपी टी20 लीग 2026 में अपनी आतिशी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है।

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की कप्तानी वाली लखनऊ फाल्कन्स में चुने जाना ही हिमांशु की काबिलियत का सीधा प्रमाण था। लेकिन मैदान पर उतरकर उन्होंने जिस तरह लगातार दो मैचों में अपनी टीम को जीत दिलाई, उसने पूरे संग्रामपुर और अमेठी क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। हिमांशु ने पहले काशी रुद्राक्ष के खिलाफ महज की मैच विनिंग पारी खेली 41 गेंदों में 64 रनों का तांडव मचाकर इकाना स्टेडियम में सबका दिल जीत लिया।

यूपी टी20 लीग के गवर्निंग काउंसिल चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने हिमांशु सिंह की सफलता और लीग के प्रभाव पर कहा, 'हमने इस लीग की शुरुआत ही इसलिए की थी ताकि ग्रामीण अंचलों के उन युवाओं को मंच मिल सके, जिनके पास संसाधनों और सुविधाओं की कमी रहती है। आज जब हिमांशु सिंह, शक्ति वर्मा, शुभम गौतम और कृष्णा सरोज जैसे युवा खिलाड़ी इकाना के बड़े मंच पर आकर मैच जिताऊ प्रदर्शन कर रहे हैं तो हमारा सपना साकार होता दिखता है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश से कई ऐसे बेहतरीन युवा क्रिकेटर निकलेंगे जो आईपीएल और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।'

# मध्य प्रदेश क्रिकेट विकास के पथ पर : श्रीनाथ

**इंदौर।** पिछले पांच सालों में एमपीसीए में बहुत अच्छा दौर रहा है, जिसमें अलग-अलग लेवल पर जीत और उपलब्धियां हासिल हुई हैं। एमपीसीए के लोगों ने अपनी पहचान बनाई है, जैसे नितिन मेनन, जो एक बेहतरीन अंपायर हैं और बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, और रजत पाटीदार, जिन्होंने मैदान पर अपने शानदार व्यवहार और खेल से आरसीबी को दो बार आईपीएल ट्रॉफी जिताने में मदद की है। मुझे यकीन है कि यहां क्रिकेट का प्रदर्शन आगे भी बहुत अच्छा रहेगा।




उन्होंने कहा कि आईपीएल ज़रूरी है, लेकिन जब आपको क्रिकेट में गहराई चाहिए होती है, तो वह पांच दिन वाले क्रिकेट यानी खेल के लंबे फॉर्मेट से आती है। जो खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट खेलता है, वह निश्चित रूप से टी-20 क्रिकेट भी अच्छी तरह खेल पाएगा। लेकिन जो सिर्फ़ टी-20 क्रिकेट खेलता है, उसके लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता।

इसीलिए मैं कहता हूं कि युवा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट यानी खेल के लंबे फॉर्मेट पर ध्यान देना चाहिए और साथ ही टी-20 क्रिकेट भी खेलना चाहिए। युवाओं का आईपीएल और टी-20 क्रिकेट के ग्लैमर और रोमांच की ओर आकर्षित होना स्वाभाविक है। यहीं पर राज्य संघों, माता-पिता और कोचों को उन्हें सही रास्ता दिखाना होता है। अगर वे क्रिकेट को अपना पेशा बनाना चाहते हैं, तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलना होगा। टी-20 फॉर्मेट में आप आसानी से बंधकर रह सकते हैं।

## प्रदेश के क्रिकेटरों पर हुई धनवर्षा, एमपीसीए ने वितरित किए लगभग 3 करोड़ रुपए

**इंदौर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार शाम को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के पुरुष और महिला क्रिकेटरों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए करीब 2.94 करोड़ रुपये से ज्यादा की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और आईसीसी मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य रूप से मौजूद रहे। अध्यक्षीय स्वागत भाषण अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने दिया। उन्होंने प्रदेश के क्रिकेटरों, कोचों और सपोर्टिंग स्टॉफ को प्रदेश के क्रिकेट में सफलता पाने पर बधाई दी। सबसे बड़े व्यक्तिगत पुरस्कारों में माधवराव सिंधिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रशांत मेहता और सी.टी. सरवटे लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड आनंद पटेल को दिया गया। दोनों को 5-5 लाख रुपये और सिल्वर प्लाक प्रदान किए गए। वहीं, निश्काम कर्मयोगी अवॉर्ड से राजेंद्र राजगुरु, घनश्यामदास पारखे और सुरेश चेनानी को सम्मानित किया गया। तीनों को 1 लाख 11 हजार 111 रुपये और सिल्वर प्लाक प्रदान किया गया।

## रिटायर्ड राजस्थान बैंककर्मियों की बैठक



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड कर्मचारियों की मीटिंग 56 दुकान के स्वीट्स पर हुई । इसमें इंदौर राजस्थान बैंक के 15 रिटायर्ड बैंक कर्मी उपस्थित थे।

मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें मुख्य रूप से पेंशन अपडेशन फैमिली पेंशन एवं आजीवन चिकित्सा सुविधा हेतु आईसीआईसीआई बैंक प्रबंधक पर दबाव बनाने की रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया।इस हेतु लोकसभा स्पीकर, रिजर्व बैंक वित्त मंत्रालय को प्रबंधक पर दबाव बनाने हेतु ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। काले बैज लगाकर आईसीआईसीआई बैंक की शाखा में ज्ञापन दिया जाएगा। लक्ष्मण कानूनगो, सुरेश बजाज, उमेश नीमा मौजूद थे।

## आज शाम रिश्तों के नाम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जीवन प्रबंधन पर आज शाम 6 बजे से एक शाम रिश्तों के नाम में श्री राम से सीखे निरंतरता का आयोजन विजयशंकर मेहता के श्रीमुख से होगा। यह 108वां पाठ है और इन्दौर का 15वां पाठ है। उक्त जानकारी ओमप्रकाश पसारी ने दी।

## लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता होगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, म.प्र. शासन, संस्कृति विभाग द्वारा गायिका लता मंगेशकर सुगम संगीत संभागीय प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 15 सितम्बर, तक आयोजित किया जाएगा। प्रकाशसिंह ठाकुर ने बताया कि इन्दौर सम्भाग का आयोजन 10 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से शासकीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय, इंदौर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग जूनियर 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर 16 से 25 वर्ष में होगी। प्रतिभागियों के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 4 सितम्बर शाम 5 बजे तक है।

## ओव्हर लोड और अधिक किराया वसूलने वाले वाहनों पर कार्रवाई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** परिवहन विभाग ने यात्री बसों की जांच रेडिसन चौराहा एवं स्टार चौराहा रोड क्षेत्र में क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन करने वाले यात्री वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की। रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यात्री वाहन संचालकों को निर्देश दिए गए कि बसों में ओवरलोडिंग कर सवारियां न बैठाएं तथा निर्धारित किराए से अधिक किराया वसूल न करें। बिना वैध परमिट संचालित वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। बस क्रमांक बीआर-06 पीएच-1195 को बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जब्त किया गया। नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 1,24,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

## दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के 30 कछुए जब्त

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के वन्यजीवों की तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की इंदौर इकाई ने कार्रवाई करते हुए 30 कछुओं के अवैध व्यापार में संलिप्त दो आरोपियों रोहन गौड़, पिता कमल गौड़,केशव शर्मा, पिता विमल शर्मा, निवासी मूसाखेड़ी को गिरफ्तार किया है। वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 24 चिकित्सक होंगे सम्मानित

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सत्कार कला कल्याण समिति द्वारा 24 चिकित्सकों को डॉ. एस के मुखर्जी राष्टीय चिकित्सा सेवा अवार्ड से 30 अगस्त की सुबह 11 बजे एमजीएम मेडिकल कॉलेज सभागृह में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, सचिव विजय पारेख, प्रो. कौस्तुभ, आरएस प्रियोलकर, पुरुषोत्तम वाघमारे एवं डॉ. सरिता राव मौजूद रहेंगे।


### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **दौलतसिंह यादव पिता श्री सिद्धनाथ सिंह यादव** द्वारा झोन क्र 22 वार्ड 36 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रेकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर पिन नं. 1004384327 पता-333 सालिटेयर पार्क कालोनी निपानिया इन्दौर पर जिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **1.नरेन्द्र मित्तल पिता श्यामसुन्दर मित्तल 2.अभिषेक मित्तल** द्वारा झोन क्र 22 वार्ड 36 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रेकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर पिन नं. 9000306441 पता-62 साकार टाउनशिप निपानिया इन्दौर पर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **दिग्विजयसिंह ठाकुर पिता श्री दौलत सिंह** द्वारा झोन क्र 22 वार्ड 36 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रेकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर पिन नं. 1001007782 पता-568 ओमेक्स सिटी मायाखेडी इन्दौर पर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 22**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती अनुपमा पति श्री विष्णुप्रसादजी शर्मा** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 844 दिनांक 25/08/26 के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1001236152 पता 91 एवं 92 हरिहर नगर कालोनी इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सरोज गुप्ता पति श्री लखन गुप्ता** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 842 दिनांक 25/08/26 के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1001267486 पता 57 पैकी भाग सोमानी नगर (शिक्षक नगर स्कीम नं. 02) ग्राम छोटा बांगड़दा इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सरोज गुप्ता पति श्री लखन गुप्ता** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 843 दिनांक 25/08/26 के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1001265945 पता 58 सोमानी नगर (शिक्षक नगर स्कीम नं. 02) ग्राम छोटा बांगड़दा इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**कुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# बारिश न बन जाए भारत की जीत में अड़ंगा

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच खेला जा रहा है। आज मैच का अंतिम दिन है। दूसरी पारी में श्रीलंका के पास सिर्फ 16 रनों की बढ़त है। वहीं भारतीय टीम को पारी समेटने के लिए 4 विकेट की जरूरत है। इस टेस्ट मैच के पहले दिन को छोड़ दें तो सीरीज के बाकी 8 दिन बारिश ने परेशान जरूर किया है। मैच में आज भी बारिश की संभावना है।

कोलंबो टेस्ट के पहले सेशन में बारिश की संभावना सबसे ज्यादा है। एक्यूवेदर के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बारिश की संभावना 80इ से अधिक है, जिससे खेल प्रभावित हो सकता है। 10 और 11 बजे बारिश की संभावना 84इ है, जबकि 12 बजे भी यह 81इ बनी हुई है। दोपहर बाद भी मौसम पूरी तरह साफ नहीं होगा और 2 से 4 बजे के बीच बारिश का खतरा 56 से 63 प्रतिशत तक है। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में भारतीय बॉलिंग का डटकर मुकाबला किया। इसके बाद भी टीम इंडिया ने समय-समय पर विकेट चटकाए। इसकी वजह से दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन मेजबान टीम के दूसरी पारी में स्टंप तक 229 रन तक छह विकेट झटक लिए। स्टंप तक सोनल दिनुषा सात और केशारा नुवांथा तीन रन बनाकर क्रीज पर थे।



# अब मैं टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हूं : अर्शदीप

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दलीप ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे हैं। नॉर्थ जोन की टीम को वेस्ट जोन के खिलाफ जीत दिलाने में अर्शदीप ने गेंद से अहम भूमिका निभाई और 4 विकेट चटकाए। अर्शदीप का कहना है कि वह इस तरह के टूर्नामेंट में शामिल होकर यह साबित करना चाहते हैं कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए जरूरी हुनर और स्टैमिना मौजूद है।

भारत के लिए 18 वनडे और 91 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके अर्शदीप अभी भी अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। व्हाइट-बॉल क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देने की वजह से लाल-गेंद के मैचों में उन्हें कम मौके मिले हैं जिसके कारण उन्हें अपने 22वें और 23वें फर्स्ट-क्लास मैच के बीच लगभग एक साल का इंतजार करना पड़ा।

बेंगलुरु में वेस्ट जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी का क्वार्टर-फाइनल अर्शदीप के लिए एक अहम परीक्षा साबित हुआ। उन्होंने दोनों पारियों में लगातार अच्छी गेंदबाजी की और 3/53 व 1/40 के आंकड़े हासिल किए, जिससे नॉर्थ जोन को 52 रनों से जीत मिली। क्रिकइन्फो के अनुसार अर्शदीप ने कहा, 'मुझे लाल-गेंद की क्रिकेट खेलने का मौका बहुत कम मिलता है और यह एक ऐसा ही मौका था। मैं अपनी काबिलियत दिखाना चाहता था और यह देखना चाहता था कि मैं कितने ओवर फेंक सकता हूं। लय अच्छी लग रही है। लंबे समय बाद मैं रेड-बॉल गेम खेल रहा था। मैंने प्रैक्टिस में बहुत समय दिया और अच्छा लगा। शरीर में दर्द है, लेकिन यह अच्छा दर्द है क्योंकि हमें जीत मिली है।'



27 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी बताया कि टूर्नामेंट से पहले उन्होंने अपने ट्रेनिंग के तरीके में बदलाव किया था और हाल ही में ज्यादातर व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलने के बाद रेड-बॉल बॉलिंग पर ध्यान देना शुरू किया था। उन्होंने आगे कहा, 'इस बार मुझे पता था कि दलीप ट्रॉफी आने वाली है, इसलिए मैं रेड बॉल से प्रैक्टिस कर रहा था। जब व्हाइट-बॉल सीजन आने वाला होता है, तो आप व्हाइट बॉल से प्रैक्टिस करते हैं। यह इस बात पर आधारित बहुत खास ट्रेनिंग होती है कि आपके सामने किस तरह का सीजन आने वाला है।'

अर्शदीप पहले भी काउंटी क्रिकेट खेल चुके हैं। 2023 में उन्होंने केंट के लिए 5 मैच खेले थे। उनका मानना है कि इंग्लैंड में रेड-बॉल क्रिकेट खेलने का अनुभव बहुत काम का हो सकता है, लेकिन भारत के व्यस्त शेड्यूल की वजह से दोबारा काउंटी क्रिकेट खेलना मुश्किल है।



# शालेय वुशू में रिना, भूमि, भाग्यलक्ष्मी प्रथम रही

**इंदौर।** शालेय खेल विभाग द्वारा आयोजित वुशु शालेय खेल संभाग स्तरीय स्पर्धा का आयोजन स्थानीय संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल भवानी नगर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संयोजक अविनाश राठौर, सहसंयोजक अनिल वात्त्रेये, म.प्र.ताइक्वांडो उपाध्यक्ष यशवंत मेवाड़ा के आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जबलपुर में होगी। चयनित खिलाड़ी अनाहिता सिलावट, रिना जाट, भूमि बोरासी, भाग्यलक्ष्मी सिलावट, यशवर्धन सिंह बघेल, सूरज सिंह, शिवम पटेल, राहुल, रुद्रा राठौर। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अशोक राठौड़, विद्या दुबे, सोनू जाटव, आदित्य रनके थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कोच विद्या दुबे ने किया आभार खुशबू ने माना।

## क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 6 सितंबर को

**इंदौर।** इंदौर-बालाघाट जिला सबजूनियर (बालक-बालिका), सीनियर (पुरुष-महिला) क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 6 सितम्बर को श्री राम जिम, रोबोट चौराहा, इंदौर में किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों का वजन 5 सितम्बर को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक लिया जाएगा । बालाघाट से आने वाले खिलाड़ी अगर 5 सितम्बर को नहीं पहुंच पाते है तो उनका वजन 6 सितम्बर को सुबह 7 से 8 बजे तक लिया जाएगा ।

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ियों का हुआ सत्कार



**इंदौर।** सेंट थॉमस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, चेन्नई में 16 अगस्त को आयोजित ऐतिहासिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भारत का नाम रोशन करने वाले वॉरियर जर्नी डोजो, इंदौर के खिलाड़ियों का इंदौर में भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में एक साथ सर्वाधिक कराते चॉप प्रदर्शन का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में वॉरियर जर्नी डोजो, इंदौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के नाम एक और विश्व रिकॉर्ड दर्ज कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह जी ने सभी वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर्स का सम्मान करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और शानदार उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 8 बल्लेबाजों का खाता नहीं खुला, पूरी टीम 35 रन पर ऑलआउट हो गई

**नई दिल्ली ।** तुर्की की महिला टीम ने वुमेंस कॉन्टिनेंटल कप 2026 के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रिया को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तुर्की की धारदार गेंदबाजी के आगे ऑस्ट्रियाई टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पूरी ऑस्ट्रियाई टीम 8.1 ओवरों में महज 35 रन बनाकर सिमट गई जिसके जवाब में तुर्की ने 5.3 ओवरों में ही 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में ऑस्ट्रिया का बल्लेबाजी प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा, जहां उनकी पूरी टीम के कुल 8 बल्लेबाज 0 पर आउट हुईं। शून्य पर आउट होने वाली खिलाड़ियों में कप्तान प्रिया साबू, अशी चोपला, एम पथिरांगेहलेज, प्रविथा गणेशन, वेरा पोग्लिट्च, प्रिथा गणेशन, अंजुमन हीरा और अशमान सैफी (नाबाद) शामिल रहीं। पूरी पारी में ऑस्ट्रिया के लिए सबसे ज्यादा 8 रन स्निया रेड्डी ने बनाए, जबकि शीतल भारद्वाज ने 5 और हादिया सिद्दीकी ने 3 रनों का योगदान दिया। तुर्की की तरफ से हासेर सेलिक ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में महज 6 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, टीम की कप्तान कुबराकाना वरसी ने 2 ओवरों में एक मेडन रखते हुए 5 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि एज्गी नूर किलिक को 1 सफलता मिली।

# मंगेतर को जन्मदिन पर दिया सरप्राइज, उसेन बोल्ट ने रचाई सगाई

**नई दिल्ली।** ओलंपिक इतिहास के सबसे महान एथलीटों में शुमार उसेन बोल्ट ने अपने जीवन की एक नई और बेहद खास पारी की शुरुआत कर दी है। जमाइका की राजधानी किंग्सटन में अपने 40वें जन्मदिन के शानदार जश्न के दौरान, आठ बार के ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता बोल्ट ने अपनी लॉन्ग-टाइम पार्टनर कासी बेनेट को सगाई का प्रपोजल देकर सभी को चौंका दिया। वन बेलमोंट रूफटॉप पर आयोजित इस निजी समारोह में बोल्ट ने अपने घुटनों पर बैठकर कासी को 5 कैरेट की खूबसूरत डायमंड रिंग पहनाई। इस भावुक और यादगार पल के दौरान वहां मौजूद परिवार और करीबी दोस्त खुशी से झूम उठे।

इस अचानक मिले सरप्राइज से कासी बेनेट बेहद हैरान और खुश नजर आईं, जिसके बाद उन्होंने इस खूबसूरत शाम की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किए। इस सगाई के बाद से ही हर तरफ उस महिला की चर्चा हो रही है, जिसने पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से ट्रैक के सबसे तेज इंसान का हर मोड़ पर साथ निभाया है।



कासी बेनेट जमाइका की एक जानी-मानी मॉडल, सफल उद्यमी और समाजसेवी हैं। वह एलिवेट मार्केटिंग हाउस नामक कंपनी से जुड़ी हैं और साथ ही बच्चों के बेहतर भविष्य व सामाजिक कल्याण के लिए काम करने वाले संगठन प्रोजेक्ट केस की संस्थापिका भी हैं। कासी न केवल ग्लैमर की दुनिया में पहचान रखती हैं, बल्कि वह पढ़ाई-लिखाई के मामले में भी काफी आगे हैं। उन्होंने कानून की पढ़ाई करने के साथ-साथ बिजनेस मैनेजमेंट में मास्टर्स डिग्री भी हासिल की है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक के साथ रिश्ते में रहने के बावजूद कासी ने अपनी एक अलग और स्वतंत्र पेशेवर पहचान बनाए रखी है। दोनों की प्रेम कहानी की शुरुआत साल 2013 के आसपास हुई थी। शुरुआती सालों में दोनों ने अपने रिश्ते को मीडिया की चकाचौंध से दूर रखा लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक के दौरान उनका रिश्ता पूरी दुनिया के सामने आया, जब बोल्ट ने ऐतिहासिक ट्रिपल-ट्रिपल गोल्ड हासिल किया था। समय के साथ इस कपल का प्यार गहरा होता गया और उन्होंने अपने परिवार को आगे बढ़ाया। साल 2020 में उनके घर पहली संतान के रूप में बेटी ओलंपिया लाइटनिंग बोल्ट का जन्म हुआ। इसके बाद 2021 में कासी ने जुड़वां बेटों थंडर बोल्ट और सेंट लियो बोल्ट को जन्म दिया।

# आर्मी स्कीम के नाम पर 12 लाख रुपये की ठगी

## पंजाब के आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बड़गोंदा थाना क्षेत्र में सेना की विशेष स्कीम का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का एक बड़ा मामला सामने आया है। शातिर आरोपी ने बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से पीड़िता के पति के फर्जी हस्ताक्षर और दस्तावेजों का दुरुपयोग कर लाखों रुपये का पर्सनल लोन स्वीकृत करा लिया। इसके बाद सब्सिडी प्रोसेस के नाम पर 12 लाख रुपये से अधिक की राशि अपने और अपने साथियों के खातों में ट्रांसफर करवा ली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादिया पूनम देवी ने बड़गोंदा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी सागर पिता सुरेश गुलेरिया निवासी जालंधर, पंजाब ने उनके पति उमेश कुमार कौल को भारतीय स्टेट बैंक से आर्मी की ए.जी.एम. स्कीम का लोन पास कराने का झांसा दिया था। इसके बाद आरोपी ने पंजाब नेशनल बैंक की संबंधित शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत की। आरोपी सागर ने पीड़िता के पति के फर्जी हस्ताक्षर तैयार किए और उनके मूल दस्तावेजों का अनाधिकृत व फर्जी तरीके से इस्तेमाल करते हुए पर्सनल लोन स्वीकृत करवा लिया। लोन राशि जारी होने के बाद आरोपी ने सब्सिडी प्रोसेसिंग फीस का बहाना बनाया और कुल 12 लाख 7 हजार 497 रुपये की बड़ी रकम छलपूर्वक स्वयं तथा अपने अन्य साथियों के बैंक खातों में प्राप्त कर ली। जब पीड़ितों को अपने साथ हुई इस बड़ी जालसाजी का पता चला, तो उन्होंने बड़गोंदा थाने में शिकायत दर्ज कराई। बड़गोंदा थाना पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी सागर गुलेरिया के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर वित्तीय दस्तावेजों और बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है।

# युवक पर चाकू से हमला सिर, गले और पीठ पर किए वार, दो पर केस दर्ज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सदर बाजार थाना क्षेत्र के भिश्ती मोहल्ला में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे के चाकू से सिर, गले और पीठ पर कई वार किए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अमन पिता अकरम शेख निवासी गरीब नवाज कॉलोनी ने सदर बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह भिश्ती मोहल्ला स्थित घटनास्थल के पास मौजूद था। इसी दौरान क्षेत्र के ही रहने वाले आरोपी अल्फेज और फरहान दोनों निवासी भिश्ती मोहल्ला वहां पहुंचे और बेवजह अकारण गालियां देने लगे। जब पीड़ित ने गालियां देने से मना किया और विरोध जताया, तो दोनों आरोपी उग्र हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की नियत से अपने पास रखे लोहे के चाकू से अमन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने उसके सिर, गले और पीठ पर चाकू से वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।



# एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए गए तस्कर को एमडी ड्रग्स की डिलीवरी और नेटवर्क संचालन में सहयोग करता था। पुलिस अब पकड़े गए आरोपी से ड्रग्स के मुख्य स्रोत, सप्लायर और इसमें शामिल अन्य गिरोह के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पूर्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी आयुष नागर निवासी कोतवाली, जिला उज्जैन को रंगे हाथों पकड़ा गया था। उस समय पुलिस ने आयुष के कब्जे से 53.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स, जिसकी कीमत करीब 5,40,000 रुपये है, और एक सिल्वर रंग की एक्सेस 125 स्कूटर जब्त की थी। कुल 5.80 लाख रुपये के मशरूका की जब्ती के बाद जब पुलिस ने आयुष से कड़ाई से पूछताछ की, तो इस पूरे काले कारोबार में पीयूष चवंड नामक युवक की संलिप्तता का खुलासा हुआ था, जो घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए क्राइम ब्रांच इंदौर की विशेष टीम लगातार आरोपी की पतारसी में जुटी हुई थी। बीती रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर फरार आरोपी पीयूष चवंड निवासी मक्सी रोड, उज्जैन को धर दबोचा। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी 10वीं तक पढ़ा-लिखा है और एक ज्वेलरी की दुकान पर काम करता है।

# खाना लाने के लिए पैसे मांगने पर विवाद, पति ने पत्नी के चेहरे पर चाबी से किया वार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

गांधीनगर थाना क्षेत्र में पति द्वारा पत्नी के साथ विवाद कर मारपीट करने और चाबी से हमला करने का मामला सामने आया है। बाहर से खाना लाने के लिए पैसे मांगने की बात पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पत्नी का मोबाइल तोड़ दिया और बीच-बचाव करने आए ससुर के सामने ही चाबी से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादिया श्रेया पति विनय उर्फ अंशुल लवलेकर निवासी सतपुड़ा परिसर, गांधी नगर ने थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पति विनय ने उससे कहा कि वह बाहर से खाना लेकर आएगा और इसके लिए पैसे मांगे। जब पीड़िता ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं, तो आरोपी अचानक भड़क गया और चिल्लाचोट करते हुए गालियां देने लगा। पीड़िता द्वारा गाली देने का विरोध करने पर आरोपी ने उसका वीवो कंपनी का मोबाइल छीनकर दीवार पर पटककर तोड़ दिया और हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। यह देखकर जब पीड़िता के पिता विवेक बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी विनय ने अपने पास रखी चाबी निकालकर पत्नी की बाईं आंख के पास दे मारी। हमला इतना तेज था कि आंख के पास चोट लगने से खून बहने लगा। खून निकलता देख आरोपी मौके से भागने लगा और जाते-जाते धमकी दी कि आज के बाद पैसे देने से मना किया तो जान से खत्म कर दूंगा।





## नेता के काफिले से टकराया बाइक सवार, घायल

**इंदौर।** बीती रात कालानी नगर चौराहा पर वीआईपी मुवमेंट के चलते काफिले में दौड़ रहे पायलट वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार घायल हुआ हैं। बताया जा रहा है वह बेसुध होकर सड़क पर गिर गया, वहीं बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगिरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। टक्कर मारने के बाद भी पायलट वाहन नहीं रुका। मौके पर एरोड्रम पुलिस पहुंची और बाइक को लोडिंग वाहन पर भरकर ले गई। सूत्रों के मुताबिक पायलट वाहन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि फिलहाल मामले की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# चलती बाइक में मारी लात, चाकू अड़ाकर उड़ा ले गए ढाई तोले की सोने की चेन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**भंवरकुआं थाना क्षेत्र में राजीव गांधी सर्विस रोड पर बेखौफ बदमाशों द्वारा लूटपाट की एक वारदात को अंजाम दिया गया है। मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक राहगीर की बाइक में लात मारकर उसे नीचे गिरा दिया और फिर चाकू की नोक पर गले से ढाई तोले की सोने की चेन छीनकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और गाड़ी नंबर के आधार पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, फरियादी किशोर पटेल मीणा पिता सुवालाल पटेल निवासी श्रीयंत्र नगर, खंडवा नाका ने भंवरकुआं थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह राजीव गांधी सर्विस रोड से गुजर रहा था। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमी 09 बीके 0672 पर सवार होकर आए तीन अज्ञात युवकों ने उसकी चलती बाइक में जोर से लात मार दी, जिससे वह असंतुलित होकर सड़क पर नीचे गिर पड़ा। फरियादी के नीचे गिरते ही तीनों बदमाशों ने उसे घेर लिया। उनमें से एक बदमाश ने तुरंत चाकू निकालकर पीड़ित पर अड़ा दिया, जिससे वह दहशत में आ गया। इसके बाद तीनों बदमाशों ने मिलकर फरियादी के गले में पहनी हुई करीब ढाई तोले की पुरानी सोने की चेन जबरन खींच ली। वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद आरोपी अपनी तेज रफ्तार बाइक से मौके से फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर भंवरकुआं थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।